# NSSTA का 17वाँ स्थापना दिवस

## चर्चा में क्यों?

[राष्ट्रीय सांख्यिकी प्रणाली प्रशिक्षण अकादमी](#) (NSSTA) ने 13 फरवरी, 2025 अपना 17वाँ स्थापना दिवस मनाया।

## मुख्य बिंदु

- **स्थान:**
  - यह दिवस महालनोबिस ऑडिटोरियम, NSSTA, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश में मनाया गया।
- **विषय:**
  - इसका विषय था: **"सांख्यिकीय उत्कृष्टता के माध्यम से शासन को सशक्त बनाना- क्षमता विकास और सहयोग के 17 वर्ष"**।
- **उद्देश्य:**
  - सांख्यिकीविदों और क्षेत्र के अधिकारियों को उन्नत कार्यप्रणाली से युक्त करना, उच्च गुणवत्ता वाले डाटा संग्रह को सुनिश्चित करना, साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण का समर्थन करना।




## राष्ट्रीय सांख्यिकी प्रणाली प्रशिक्षण अकादमी (NSSTA):

### परिचय:

- ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश में स्थित यह संस्था **सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अधीन** एक महत्त्वपूर्ण प्रशिक्षण संस्था है।

- इसकी **स्थापना जनवरी 2009** में की गई थी।

## उद्देश्य

- इसका प्रमुख उद्देश्य भारत में **सांख्यिकीय प्रणाली को मज़बूत करना और सांख्यिकीय क्षमता निर्माण को बढ़ावा देना** है।
- इसके तहत केंद्र और राज्य सरकार के अधिकारियों, शोधकर्त्ताओं, शिक्षाविदों और अन्य संबंधित व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिया जाता है।

## महत्त्व

- सरकारी अधिकारियों और सांख्यिकीविदों को **डाटा संग्रहण और विश्लेषण** में दक्ष बनाता है।
- राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सांख्यिकी के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों और विधियों से प्रशिक्षुओं को परिचित कराता है।
- सांख्यिकी विज्ञान से जुड़े नए अनुसंधान को प्रोत्साहित करने और सरकारी योजनाओं में आँकड़ों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने में सहायक।
- विभिन्न **राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ** मिलकर सांख्यिकीय प्रशिक्षण और अनुसंधान को प्रोत्साहित करता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/17th-foundation-day-of-nssta